**खबर संक्षेप**

### अधिवक्ता महाले बने कुर्मी क्षत्रीय समाज विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष

**पांढुर्णा।** यहां के अधिवक्ता और नोटरी वासुदेव महाले को म.प्र. कुर्मी क्षत्रीय समाज विधि प्रकोष्ठ जिला पांढुर्णा के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है। म.प्र. कुर्मी क्षत्रिय समाज विधि प्रकोष्ठ अधिवक्ता वासुदेव महाले को उनकी समाज कार्य भावना को देखते हुए इस पद पर मनोनीत किया है।

### सोमवार को रवाना होगी तीर्थ यात्रियों की विशेष ट्रेन

**छिंदवाड़ा।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत दिनांक 17 मार्च 2025 दिन शनिवार को प्रातः 7:00 बजे विशेष ट्रेन छिंदवाड़ा रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए रवाना होगी। इस योजना के अंतर्गत चयनित यात्री यात्रा के पूर्व अपने साथ यात्रा टिकट एवं फोटो युक्त पहचान पत्र की मूल प्रति जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी, पैन कार्ड आदि शासन द्वारा जारी में से कोई एक आवश्यक रूप से लेंगे नियत तिथि व समय पर तीर्थ यात्रियों को लेकर विशेष ट्रेन समय पर रवाना होगी।

## अवैध शराब के खिलाफ सिंगोडी पुलिस की प्रभावी कार्रवाई

# 18 लीटर देशी शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी पुलिस ने अवैध शराब सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौकी सिंगोडी प्रभारी पंकज राय एवं पुलिस स्टॉप ने 13 मार्च 2025 को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 18 लीटर देशी शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

मुखबिर से मिली सूचना पुलिस को सूचना मिली थी कि श्रीजी पेट्रोल पंप,अमरवाड़ा-छिंदवाड़ा बायपास के पास दो व्यक्ति होंडा शाइन मोटरसाइकिल (MP-28-ZJ-5962) से शराब की तस्करी कर रहे हैं। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दोनों व्यक्तियों को पकड़ा।



#### आरोपियों से बरामद अवैध शराब

तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 50 पाव देशी प्लेन शराब (9 लीटर) और 50 पाव देशी मसाला शराब (9 लीटर), कुल 18 लीटर शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 10,500/- आंकी गई। घटना में प्रयुक्त होंडा शाइन मोटरसाइकिल (**MP**-28-**ZJ**-5962) भी जब्त कर ली गई।

#### गिरफ्तार आरोपी

1. सुरवेश पिता रमेश परतेती (30 वर्ष), निवासी ग्राम झिरपानी (अमरवाड़ा)2. राजेन्द्र पिता बलराज डेहरिया (30 वर्ष), निवासी ग्राम झिरपानी (अमरवाड़ा)आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई।

#### पुलिस टीम की भूमिका

इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी सिंगोडी उपनिरीक्षक पंकज राय, सहायक उपनिरीक्षक राजकुमार सनोडिया, आरक्षक दिलीप यादव एवं आरक्षक पियूष की विशेष भूमिका रही।जनता से की अपीलपुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज में अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

## आरोपी को किया गिरफ्तार

# 24 घंटे के भीतर सोना चांदी के आभूषण सहित नगदी रकम बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर सोना चांदी के आभूषण, नगदी सहित आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रामबती इवनाती पति सोहबत इवनाती उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम टेकापार वनग्राम की रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 23/02/2025 को घर से परिवार सहित सुबह गांव में काम से गये थे जो शाम को घर वापस आने पर घर की पेटी में रखी सोने का मंगलसूत्र जिसमें एक पेंडल दो पत्ती वाली वजन करीब 05 ग्राम, एक जोड़ सोने की टाप्स वजन करीब 02 ग्राम, एक जोड़ चांदी की पायल वजन करीब 200 ग्राम, दो जोड़ चांदी की पैरपट्टी वजन करीब 150 ग्राम सभी जेवर पुरानी इस्तेमाली कुल कीमती 90,000/- एवं नगदी 2,300/- रुपये कुल संपत्ति 92,300/- रुपये किसी अज्ञात चोर द्वारा घर में घुसकर पेटी का ताला खोलकर चोरी कर ले गया है । रिपोर्ट पर थाना नवेगांव में अप.क्र. 39/2025 धारा 331(3), 305(a) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा श्री अजय पाण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) जुन्नारदेव श्रीमती सोनल पाटिल के निर्देशन में थाना प्रभारी नवेगांव द्वारा गठित टीम द्वारा लगातार चोरी गई मशरुका एवं अज्ञात चोर की तलाश पता किया गया।

काफी प्रयास के बाद मुखबिरो से प्राप्त जानकारी एवं संदेह होने पर आवेदिका रामबती इवनाती का सगा भाई आदिराम उइके निवासी कंटगी को दबिश देकर पकड़ा गया, जिससे पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया जिसके कब्जे से चोरी गई संपत्ति जप्त कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

# सड़कों एवं ब्रिज के लिये दिलाई 136 करोड़ 79 लाख की सौगात

## सांसद के प्रयासों से छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में होंगे विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू ने छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले को लोक निर्माण विभाग से 136 करोड़ 79 लाख की सौगात दिलाई है। सांसद के प्रयासों से दोनों जिलों में विभिन्न विकास कार्य कराये जाएंगे। वहीं सांसद के प्रयासों से पांढुर्णा में चार दशकों से लंबित ओवर ब्रिज की मांग भी पूरी हो गई है। सांसद ने ओवर ब्रिज निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग से 80 करोड़ की सौगात पांढुर्णा वासियों को दिलाई है। सांसद के प्रयास से ही दूरस्थ अचंलों में सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों की यात्रा अब सुगम हो सकेगी।



उल्लेखनीय है कि बुधवार को भोपाल विधानसभा में उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा पेश किए गये बजट में छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले को 136 करोड़ 79 लाख की सौगात मिली है। सांसद श्री साहू ने कहा कि दोनों जिलों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। इसी का परिणाम है कि दोनों जिलों में वर्षों से लंबित मांगों को इस वित्तिय बजट में शामिल करते हुए स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि दोनों जिलों में वर्षों से लंबित अन्य मांगों को भी जल्द ही पूरा किया जायें। सांसद श्री साहू ने दोनों जिलों को विकास कार्यो की बड़ी सौगात देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी एवं उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा प्रभारी मंत्री राकेश सिंह सहित अन्य मंत्रीगणों का आभार व्यक्त किया है।

### पांढुर्णा में 80 करोड़ की लागत से बनेगा ओवरब्रिज एवं होंगे करोड़ों के अन्य कार्य

पांढुर्णा में पिछले चार दशकों से चली आ रही वरूड़-अमरावती मार्ग में रेलवे क्रासिंग में बनने वाले ओवर ब्रिज की मांग सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से पूरी हो गई है। सांसद श्री साहू ने बताया कि पांढुर्णा शहर अंतर्गत अमरावती राजमार्ग पर रेलवे फाटक के पास एल आकार में ओवर ब्रिज का निर्माण 80 करोड़ की लागत से किया जायेगा। इस ब्रिज के निर्माण के लिए सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने दिल्ली में केन्द्रीय मंत्रियों एवं भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव व अन्य मंत्रियों से मुलाकात कर ब्रिज निर्माण रख की मांग की थी, इसका परिणाम है कि इस ब्रिज के निर्माण के लिए 80 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। सांसद श्री साहू ने बताया कि पांढुर्णा में 3 करोड़ की लागत से सर्किट हाउस का निर्माण भी किया जायेगा। वहीं खैरी से बड़ोसा मार्ग का निर्माण 3 करोड़ 75 लाख व ग्राम सावंगा बायपास मार्ग का निर्माण 3 करोड़ 88 लाख से किया जायेगा। इन कार्यो की भी स्वीकृति मिल चुकी है।

## पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास की सजा

**जुन्नारदेव।** गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश जुन्नारदेव श्री महेंद्र मंगोदिया द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 37/2024 में निर्णय पारित करते हुए आरोपी चिंटू धुर्वे पिता मेहताप सिंग उम्र 45 साल निवासी ग्रामग्राम कपूर नाला थाना तामिया ,जिला छिंदवाड़ा को पत्नी बाबीता धुर्वे की हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं 5000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है।

अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा बताया गया की घटना का विवरण इस प्रकार हैं की दिनांक 20/ 08/2024 को आरोपी चिंटू ने अपनी पत्नी को अपने छोटे भाई के घर इलाज के लिए लाया था और वहीं पर रात रुका था तथा वह अपनी पत्नी पर शक करता था शक करते हुए ग्राम भोडिया पानी थाना तामिया में रात्रि 9:00 बजे के बाद पत्नी बबीता से झगड़ा कर उसके चरित्र पर शक करते हुए कुल्हाड़ी से वार कर उसकी हत्या कर दिया था जिसकी सूचना आरोपी के भाई बिजनलाल के द्वारा थाना प्रभारी तामिया को दी गई थी घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा पूछताछ कर प्रकरण पंजीबद्ध किया का अपराध क्रमांक 140/2024 धारा 103 बी.एन. एस.पंजीबद्ध कर न्यायालय में विचारण हेतु चालान प्रस्तुत किया गया।

समस्त अभियोजन गवाहों के कथन न्यायालय में लेख बद्ध किए गए तथा विचारण उपरांत आरोप चिंटू धुर्वे को धारा 103 बी.एन.एस.के तहत दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को आजीवन कारावास एवं 5000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया । प्रकरण में संपूर्ण विवेचना निरीक्षक विजय सिंह द्वारा की गई एवं मध्य प्रदेश राज्य की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक पंकज श्रीवास्तव द्वारा की गई।

## सांसद ने मुख्यमंत्री से दिलाई 2 लाख 80 हजार की आर्थिक सहायता

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा लगातार आर्थिक रूप से कमजोर गरीब मरीजों की चिंता करते हुए उन्हें आर्थिक सहायता दिलाई जा रही है। इसी क्रम में सांसद श्री साहू की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से चार मरीजों को दो लाख 80 हजार की सहायता स्वीकृत की है।

# जंगल में लगी आग से गेहूं जलकर खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी के समीप ग्राम पंचायत लाछुआ के जंगल में लगी आग गेहूं लगे खेत में पहुंच गई, इस भीषण आग के चलते एक एकड़ में लगी खड़ी फसल जलकर राख हो गई। सूचना में छिंदवाड़ा अमरवाड़ा से पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया तब तक फसल पूरी तरह जल चुकी थी। सरपंच रहेश परतेती ने बताया की सरोज चांदवंशी के एक एकड़ खेत में गेहूं की फसल पूरी तरह जल गई वही राकेश के मोटर पाइप और ड्रिप भी जलकर खाक हो गए जिससे दोनो किसानों के करीब एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। किसान सहित सरपंच ने शासन प्रशासन से जल्द सर्वे कर फसल का मुआवजा देने का निवेदन किया है।

## तीन दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आएंगे नकुलनाथ

**छिन्दवाड़ा:-** जिले के पूर्व ऊर्जावान सांसद नकुलनाथ का तीन दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। आगमन उपरांत वे हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे साथ ही संगठनात्मक बैठकों में भी सम्मिलित होंगे। सिद्ध सिमरिया धाम पहुंचकर पूजा अर्चना कर जिले, प्रदेश व देशवासियों के लिए सुख, शांति व समृद्धि की कामना करेंगे। जिला कांग्रेस कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार दिनांक 16 मार्च को माननीय नकुलनाथ जी दिनी दौरे पर छिन्दवाड़ा पहुंचेंगे। विभिन्न धार्मिक, राजनीतिक व सामाजिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने के उपरांत दिनांक 18 मार्च को वे अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। तत्पश्चात विशेष वायुयान से छिन्दवाड़ा से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। दिनांक 16 मार्च 2025 को माननीय नकुलनाथ जी का प्रातः 10.30 बजे विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। आगमन पश्चात वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। अपराहंत 5.30 बजे सिद्ध सिमरिया धाम पहुंचकर संकट मोचन हनुमान जी महाराज के चरणों में माथा टेकेंगे साथ ही पूजा अर्चना कर सुख, शांति व कल्याण के लिए प्रार्थना करेंगे। तदोपरांत उनका शिकार कमलकुंज आगमन होगा और आगमन उपरांत वे जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। 17 मार्च 2025 को माननीय नकुलनाथ जी प्रातः 11.30 बजे छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों की शिकारपुर कमलकुंज में आयोजित बैठक में उपस्थित होंगे। दोपहर 12 बजे छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिला एनएसयूआई के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की आयोजित बैठक में सम्मिलित होंगे। अपराहंत 04 बजे श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर शिकारपुर में आयोजित बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से तैयारियों के सम्बंध में चर्चा करेंगे। सांय 5.45 बजे रोजा इफ्तार पार्टी में सम्मिलित होंगे तदोपरांत उनका शिकारपुर आगमन होगा। 18 मार्च 2025 को पूर्व निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार माननीय नकुलनाथ जी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। प्रातः 11 बजे छिन्दवाड़ा जनपद पंचायत के कांग्रेस अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों की शिकारपुर में आयोजित बैठक में सम्मिलित होंगे तदोपरांत वे छिन्दवाड़ा से दिल्ली के लिए विशेष वायुयान से प्रस्थान करेंगे।

# रिक्त भूखंडों पर गंदगी पर जुर्माने का अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

नगरपालिका ने बीते कुछ दिनों से पांढुर्ना शहर के रिक्त भूखंडों में कचरा एवं गंदगी पाए जाने पर भूखंड मालिकों के विरूद्ध जुर्माने का अभियान छेड रखा है। अनेक भूमि स्वामियों से जुर्माना वसूल किया जा रहा है। नगरपालिका के इस अभियान से रिक्त भूखंड मालिकों में जागरूकता पैदा होने लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक 10,000 से अधिक जुर्माना लगाया जा चुका है। इस अभियान में सीएमओ राजकुमार इवनाती, निरीक्षक संजय कवडे, उपनिरीक्षक रवि चौधरी, नरेश बनकर और कर्मचारी शामिल है।

# भाजपा नगर युवा मोर्चा द्वारा मध्य प्रदेश का बजट पेश होने पर आतिशबाजी कर मिठाई बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा जी द्वारा प्रदेश का बजट पेश किया गया, जो कि सर्वहितीसी बजट है । जिसे लेकर भाजपा नगर युवा मोर्चा द्वारा आतिशबाजी कर मिठाई वितरित की गई। सांसद विवेक बंटी साहू जी ने कहा कि यहां सर्व स्पर्शी व सर्व समावेशी बजट है। यहां आत्मनिर्भर और विकसित मध्य प्रदेश के सपने को साकार करने की आधारशिला है।

बजट में समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण की भावना निहित है प्रदेश में बैठी मोहन यादव जी की सरकार ने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के गरीब युवा अन्नदाता नारी सशक्तिकरण की संकल्पना को केंद्र में रखकर योजनाओं का निर्माण किया है। इससे प्रदेश का सर्वांगीण विकास होगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा जी द्वारा प्रस्तुत सर्वहितेषी बजट के लिए युवा मोर्चा अध्यक्ष बिट्टू मंडराह ने कहा यहां बजट एक दूरदर्शी बजट है जिसमें युवाओं के साथ-साथ हर वर्ग का ध्यान रखा गया है शुभकामनाएं बधाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से व्यवसायिक प्रकोष्ठ संयोजक पप्पू ठाकुर, मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर, रवि मालवीय, अंकित तिवारी, आनंद गुहार, सुनील परतेति, रोहित माहौर, लकी पाल, कुणाल पाल, नितिन राउत, सोमेन्द्र ठाकुर, अविनाश शर्मा, शैलेश गढ़ेवाल, अज्जू पाल, मोहित बुनकर, अंकित कपाले आदि उपस्थित थे।



# छिन्दवाड़ा का 'वॉश ऑन व्हील्स' नवाचार बना मिसाल

## राष्ट्रीय स्तर पर डॉक्यूमेंट्री में शामिल, यूनिसेफ ने की सराहना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिन्दवाड़ा जिले में स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए अभिनव प्रयास 'वॉश ऑन व्हील्स' ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इस नवाचार की सफलता को देखते हुए यूनिसेफ इंडिया द्वारा देशभर के चार राज्यों के चयनित जिलों में मध्यप्रदेश को भी शामिल किया गया, जिसमें प्रदेश से केवल छिंदवाड़ा जिले को 'वॉश ऑन व्हील्स' नवाचार के कारण चुना गया। इसे राज्य में सर्वश्रेष्ठ नवाचार के रूप में मान्यता मिली है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्तर पर इस पहल पर एक विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें जिले में लागू इस अनूठी योजना की सफलता की कहानी को दर्शाया जाएगा।

यूनिसेफ की टीम ने 9 से 11 मार्च के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर जाकर फील्ड विजिट और शूटिंग की। टीम ने कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार और 'स्वच्छता साथी' कर्मचारियों से बातचीत कर उनके अनुभवों को कैमरे में रिकॉर्ड किया। इन चर्चाओं में स्वच्छता अभियान में उनकी भूमिका, चुनौतियां और 'वॉश ऑन व्हील्स' नवाचार के प्रभाव पर विस्तार से चर्चा हुई। टीम ने परासिया, हर्रई और जामई क्षेत्र में जाकर कई उल्लेखनीय स्थानों पर फिल्मांकन किया। विशेष रूप से जामई के मॉडल ग्राम घोड़ावडी खुर्द में स्थित 'वेस्ट टू आर्ट पार्क' को डॉक्यूमेंट्री का हिस्सा बनाया गया।

## लिंगायत समाज ने किया भूमि दान किए जाने का समर्थन

**पांढुर्ना।** गत दिनों वीरशैव लिंगायत मठ उर्फ गणपति मठ संस्थान के सरभराकार वीररूद्रमुनी शिचाचार्य स्वामी ने अमरावती रोड पर स्थित मठ की 4 एकड भूमि म.प्र. शासन को कलेक्टर कार्यालय के लिए दान दी जिसकी रजिस्ट्री 20 फरवरी 2025 को शासन के प्रतिनिधि के रूप में तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर के माध्यम हुई है। मठ के महाराज द्वारा शासन के पक्ष में कराए गए दानपत्र उपरांत नामांतरण के लिए वीरशैव लिंगायत समाज को कोई आपत्ति नहीं है इस आशय का पत्र समाज के कलेक्टर महोदय को भेंट कर सौंपा। लिंगायत समाज ने लिखकर दिया है कि भविष्य में भी इस बाबत हम लोग किसी प्रकार की कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं करेंगे। इस अवसर पर लिंगायत समाज समिति की पदाधिकारी मौजूद रहे।



## बच्चों को खिलाया नाश्ता और मिठाई, खिलौने एवं पिचकारी पाकर झूम उठे नन्हे बच्चें

# भाजपा महिला मोर्चा ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

गत दिनों बी टी आई के पास दिव्यांग छात्रावास में महिला मोर्चा द्वारा होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की अतिथियों एवं महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों को नाश्ता और मिठाई खिलाई गई एवं उन्हें खिलौने एवं पिचकारी दी गई। खिलौने एवं पिचकारी पाकर बच्चों की खुशी का ठिकाना ही नहीं था।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए भाजपा महिला मोर्चा नगर मंडल एक की अध्यक्ष माया बंदेवार ने बताया कि महिलाओं के साथ श्रीमती शालिनी विवेक साहू ने पहुंचकर दिव्यांग बच्चों को होली का महत्व बताया और होली की खुशियां बच्चों के बीच बाटते हुए बच्चों को उपहार स्वरूप होली की टोपियां, छोटे-छोटे खिलौने, पिचकारी और गुलाल, मिष्ठान आदि देकर उनके मंगल भविष्य की कामना की, और उन्हें रंग गुलाल लगाकर खुशियां बांटी । भाजपा महिला नेत्रियों द्वारा बच्चों के साथ होली के गीत गाये। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्रीमती रानू दीपू साहू , महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष गरिमा दामोदर, मंडल अध्यक्ष जया विश्वकर्मा, माया बंन्देवार, निशा गोस्वामी, रत्ना साहू, ममता डोंगरे, नेहा वर्मा, मंडल चार की अध्यक्ष लीला बजोलिया, छात्रावास के स्टॉफ से आराधना पाटिल, मधु झारिया, ललीता परतेती, पूनम आठनकर, सोनिका आदि उपस्थित थी।





## सांसद ने लोनीकलां में किया 10 लाख की सीसी रोड का भूमिपूजन

# सांसद बंटी साहू ने दी 10 लाख की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू ने ग्राम लोनीकलाँ में ग्रामीणजनों को 10 लाख की सौगात देते हुए गांव में बनने वाली सी.सी. रोड का भूमिपूजन किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की मंशा है कि शहरों में रहने वाले लोगों को मिलने वाली सुविधाएं गांवों में रहने वाले लोगों को भी मिलें।

छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले में ट्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। इस बजट में छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिले को 136 करोड़ 79 लाख के निर्माण कार्यो की सौगात दी गई है। इसके लिए सांसद श्री साहू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी, मुख्यमंत्री डॉं. मोहन यादव जी एवं उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का आभार व्यक्त किया है।



इस दौरान कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं व ग्रामीणजनों ने गांव में सड़क निर्माण की सौगात देने पर सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख रूप से पूर्व विधायक रमेश दुबे, वरिष्ठ भाजपा नेता टीकाराम चंद्रवंशी, राजू नरोटे, संतोष पटेल, विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा, मंडल अध्यक्ष विजेन्द्र ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र रघुवंशी, जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल, जनपद अध्यक्ष सरोज राधेश्याम रघुवंशी एवं श्रीराम जानकी मंदिर लोनीकलां के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### होली मिलन समारोह में शामिल होंगे सांसद

**छिन्दवाड़ा।** सनातन परंपरा के महापर्व धुरेंडी के अवसर पर 14 मार्च को पूजा लॉज परासिया रोड छिन्दवाड़ा में होली मिलन समारोह का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया गया है। जिसमें छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के सभी भाईयों, बहनों, कार्यकर्ताओं, साथियों, मित्रों एवं शुभचिन्तकों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। सांसद श्री साहू ने सभी भाईयों, बहनों, कार्यकर्ताओं,साथियों, मित्रों एवं शुभचिन्तकों को धुरेंडी पर्व को हर्षेल्लास पूर्ण व उत्साह पूर्वक मनाने के लिए आमंत्रित किया हैं। सांसद श्री साहू ने सनातन परंपरा के महापर्व धुरेंडी के पावन अवसर पर छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा के जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनांए दी है। सांसद ने कहा कि रंगों का यह पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव को बढ़ाते हुए एकता का संदेष देता है। विविध विचारों के रंगों से रंगे इस पर्व पर हम एक होकर स्वंय के लिए और पूरे समाज के लिए एक नया संदेश दे यही कामना है।

# क्षेत्र के बुनकरों को जल्द मिलेगा धागा : चौरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



विधानसभा क्षेत्र के बुनकर परिवार संत रविदास हस्तशिल्प एवं हाथकरधा विकास निगम में सिल्क एवं कॉटन साड़ी तथा ड्रेस मटेरियल उत्पादन का काम करते आ रहे है।जिन्होंने विधायक विजय चौरे को कपड़ो के उत्पादन हेतु धागा न मिलने पर बीते दिनों ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्या सांझा की थी।धागा प्राप्त न होने के कारण माह दिसंबर से समस्त बुनकर बेरोजगार हो चुके थे। जिनके समक्ष जीवन निर्वाह की बड़ी समस्या उत्पन्न हो चुकी थी। नगर सौसर,मोहगांव,लोधीखेड़ा के लगभग 600 से अधिक परिवार इसी बुनाई कार्य पर आश्रित है। प्रदेश की सरकार सौंसर क्षेत्र की सुप्रसिद्ध साड़ी और धागे से बनने वाले अन्य वस्त्रों को बंद कर उसके बदले में बुनकरों को अस्पताल में उपयोग की जाने वाली बैंडेज पट्टी का काम देना चाहती थी। जिससे क्षेत्र के सभी बुनकर साथियों में भारी रोष व्याप्त था। इस समस्या हेतु सौसर विधायक विजय चौरे ने विधानसभा प्रश्न लगाकर शासन-प्रशासन पर दबाव बनाया जिसके उपरांत प्रशासन ने आने वाले 4 माह का धागा बुनकरों को प्रदान किया गया हैं।बुधवार को सौसर क्षेत्र के बुनकर समाज के लोगो ने विधायक विजय चौरे का धन्यवाद अदा किया हैं। इस दौरान बुनकर नेता एवं पूर्व सौसर नगर पालिका उपाध्यक्ष सुखमण बेड़े ने बताया लंबे समय से बुनकरों को धागा नहीं मिलने के चलते परिवार पर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया था विधायक श्री चौरे के प्रयासों से अब सौसर क्षेत्र बुनकरों को धागा उपलब्ध होने वाला है जिसके लिए हम विधायक विजय चौरे के आभारी है।

# अष्टान्हिका पर्व पर मंगलगान से गूंज रहे जिनालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवक फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से अनादि निधन शाश्वत महापर्व अष्टान्हिका की मंगल आराधना करते हुए जिनशासन की मंगल प्रभावना कर रहें है। मंगलमय प्रसंग पर विगत आठ दिनों से अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में मंगलायन अलीगढ़ से पधारे विद्वान पंडितश्री अशोक कुमार लुहाड़िया, मंगलार्थी समकित शास्त्री एवं स्थानीय विद्वान पंडित ऋषभ शास्त्री के कुशल निर्देशन में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की मंगल आराधना करते हुए श्री सिद्ध परमेष्ठि भगवन्तों का गुणगान कर उनकी आराधना की जा रही है।इस अवसर पर स्वाध्याय भवन में आयोजित रात्रि कालीन सभा में प्रथम प्रवचन में पंडित अशोक लुहाड़िया द्वारा एवं द्वितीय प्रवचन में मंगलार्थी समकित शास्त्री द्वारा बहुत ही सरल एवं सुगम शैली में जैन दर्शन का महत्व सहित प्राण जाए पर प्रतिज्ञा न जाए के साथ जीवन में सहजता का महत्व बताया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में समाज बंधु धर्म लाभ लें रहे है।आज होगी पूर्णता है -मंडल के मंत्री अशोक वैभव ने बताया कि आज फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा शुक्रवार 14 मार्च को श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की पूर्णता की जावेगी। जिसका शुभारंभ प्रातः 7 बजे श्री जिनबिंब प्रक्षालन से होगा।

### विधायक के प्रयासों से क्षेत्र में पूर्ण होंगे विकास कार्य

**सौंसर।** गुरुवार को क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों के संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए विधायक विजय चौरे ने बताया कि क्षेत्र का विकास और प्रगति मेरी पहली प्राथमिकता है इस और मैं लगातार प्रयासरत रहता हूँ। सौसर विधानसभा क्षेत्र में अभी भी बहुत से पुल-पुलिया और सड़कों का निर्माण होना बाक़ी है। मैंने प्रदेश सरकार को बहुत से कार्य स्वीकृत कराने हेतु प्रस्ताव दिए थे परंतु इस वर्ष के बजट में कुछ ही कार्य स्वीकृत हुए है,सभी विधायक साथियों की अनुशंसा पर पाँच-सात करोड़ के कार्य स्वीकृत हुए है।इसमें सौंसर विकासखंड के ग्राम बग्गु बिछुआ पहुँच मार्ग तथा पुल शामिल है,खैरी से बडोसा सड़क, सावंगा से बायपास नए कार्यों को स्वीकृति मिली है। जल्द ही क्षेत्र में स्वीकृत हुए विकास एवं निर्माण कार्य शुरू होंगे जिससे के क्षेत्र की जनता को होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

### होलिका दहन हेतु कण्डे का स्टॉल एवं पलाश के फूलों से बना रंग पैकेट भेंट

**छिंदवाड़ा।** जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के आदेश पर उप संचालक पशु पालन एव डेयरी डॉ. पक्षवार , और डॉ. टांडेकर के निर्देशानुसार सन्त श्री आशारामजी गौशाला खजरी द्वारा शहर में जगह - जगह गाय के गोबर से बने कण्डों का स्टॉल लगाकर होलिका दहन हेतु कण्डे उपलब्ध कराए गए । कण्डे से होलिका दहन से पर्यावरण संरक्षण भी होता है। और जंगलों की अनावश्यक कटाई पर भी रोक लगती है। कण्डों से होलिका दहन हमारी वैदिक परंपरा भी है । गत कई वर्षों से पूज्य बापूजी की गौशाला कण्डों का निर्माण कर उचित दर पर आम लोगों को सुलभ करवाती हैं । होलिका दहन के बाद ऋतु परिवर्तन होता है। ठंड ऋतु खत्म होकर ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होती है। इस दौरान बुखार के मरीजों की अधिकता रहती हैं । इससे वात पित्त और कफ़ जनित रोगों का शमन होता हैं । इस प्रकार होलिका उत्सव देश भर के 550 आश्रमों द्वारा मनाया जाता है । अतः इसे वैदिक होलिका उत्सव कहा जाता है । इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन , साध्वी प्रतिमा बहन , गौशाला संचालक जयराम भाई , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , धनाराम सनोडिया , सुभाष इंगले , बबलू माहोरे आदि ने अपनी सेवाएं दी ।



# बोरगांव पंचायत ने किया नारी सम्मान कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

बोरगांव में नारी सम्मान 2025 का कार्यक्रम ग्राम पंचायत बोरगांव द्वारा मां भगवती मंगल कार्यालय में बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती राजश्री अरविंद बोबडे, ने की, कार्यक्रम में प्रमुखता सेश्रीमती लता वामन ठोंबरे श्रीमती वंदना ढोक,निशा पुरिया,कल्पना सुधाकर कालबांडे, लता गमे,प्रियंका शहस्त्रकार, आरती घनश्याम कालबांडे, मोनाली विनायक भकने, वैशाली प्रभाकर बोबडे,प्रगति दातरकर,रजनी बोबडे, शिल्पा ढोके,गिता बोडखे, ज्योति सिसोदिया, वर्षा सोनी, मालती कालबांडे,देवकी विश्वकर्मा, पूजा मर्सकोले, लक्ष्मी उईके,किरण परिहार, नंदनी नागले आदि थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम नारी सशक्तिकरण सेमिनार आयोजित किया गया.ग्राम पंचायत बोरगांव सरपंच पंकज श्रीपत दातरकर ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में नारी शक्ति को सर्वोच्च माना गया है और वे समाज को प्रगतिशील बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।भारतीय परंपरा में स्त्री सदैव प्रथम और पूजनीय रही है। नारी को शक्ति, ममता, और त्याग का प्रतीक माना गया है। सभी के लिए दृष्टिकोण, उनका ममता और सेवा का भाव, उनकी सहनशक्ति और हर स्थिति के प्रति उनका दृष्टिकोण, इस सबसे महिलाओं को केवल एक दिन नहीं,हर दिन सम्मान मिलना चाहिए। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती लता बोबडे, नलिनी घोडमारे, क्षिप्रा खुलगे, जयमाला मडके,सुरेखा रंगारे,सुजाता बंसोड, छाया सहारे, सहायिका लक्ष्मी मडके,वंदना धुर्वे, अनिता खैरकर,अनिता गजभिये, विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन उपसरपंच घनश्याम कालबांडे ने किया।

## सीईओ को दिये आवेदन पर आज तक नहीं हो पाई जांचः रीता रावते

# जनपद में सुनवाई न होने पर कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंची मोहझरी उपसरपंच

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहझरी में ग्राम के सरपंच-सचिव और उपसरपंच के बीच उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां आवेदिका उपसरंपच द्वारा विगत माह में ग्राम में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी न मिलने के कारण जनपद पंचायत लांजी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जांच करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया था, वहीं उसके कुछ दिनों पश्चात जनपद उपाध्यक्ष पर भी सहयोग न करने एवं राजनीतिक मंच पर तंज कसने का आरोप लगाया था। वहीं अब ग्राम मोहझरी की उपसरपंच श्रीमती रीता रावते अब जिला मुख्यालय में होने वाली कलेक्टर की जनसुनवाई में इस मामले को लेकर उपस्थित हो चुकी है और इस संबंध में उन्होने कलेक्टर बालाघाट से ग्राम पंचायत मोहझरी में हो रहे विकास कार्यो में सरपंच-सचिव द्वारा की जा रही हेराफेरी और भ्रष्टाचार को लेकर जांच की मांग की है। साथ अपने आवेदन में उन्होने जनपद पंचायत लांजी में विगत माह में सौंपे गये शिकायत पत्र की प्रति भी संलग्न की है। उल्लेखनीय है की लांजी विकासखंड अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में इस समय लाखों करोड़ों के विकास कार्य कराये जा रहे है परंतु इन विकास कार्यो में गुणवत्ता कार्य न करते हुए सरपंच सचिवों द्वारा अपनी ही विकास की गंगा बहाई जा रही है।

### कमीशन के लालच में गुणवत्ताहीन निर्माण, रोड निर्माण में कालाबाजारी

उपसरपंच श्रीमती रावते ने बताया की ग्राम पंचायत में कराये जा रहे कार्य की मुझसे जानकारी झुपाई जा रही है तथा निर्माण कार्य को भी कमीशन के चक्कर में गुणवत्ताहीन कार्य करवाया जा रहा है। जिसकी जाँच होना अनिवार्य है। वहीं जब मेरे एवं मेरे पंचों के द्वारा कराए गए कार्यों की जानकारी चाही जाती हे तो पंचायत के सचिव लक्ष्मीकांत पटले द्वारा जानकारी नहीं दिए जाने की बात कही जाती है। इसके पूर्व भी 30 सितंबर 2023 को भी मेरे एवं पंचायत के सभी पंचों के द्वारा जानकारी चाही गई थी परंतु सरपंच एवं सचिव द्वारा टाल.मटोली की गईए वहीं ग्राम में वर्ष 2023-24 में विभिन्न वार्डों में आरसीसी नाली निर्माण सरपंचए सचिव के द्वारा पंचायत से कार्य ना कराते हुए इन कार्यों को ठेके में देकर कार्य को गुणवत्ताहीन कराया गया एवं राशि की अफ रा.तफ री की गई जिसकी जांच की जानी चाहिए। उन्होने कहा की मोहझरी में सीसी रोड़ में भी सरपंचए सचिव द्वारा कालाबाजारी की गई है। जिससे इसकी हालत आज बद से बत्तर हो चुकी है। जिसकी सत्यता जाँच के दौरान सामने आ जाएगी।

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए विकास कार्य

उन्होने सरपंच सचिव पर आरोप लगाते हुए कहा की 2024-25 में बनी सीसी रोड चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। ग्राम पंचायत मोहझरी में 2024-25 में आरसीसी नाली निर्माण कार्य को भी कमिशन के चक्कर में ठेकेदार को ठेके में दिया गया है। जिससे की नाली निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई जो कि जांच का विषय है। जांच के दौरान सारी सत्यता सामने आ जायेगी। उन्होने कहा की ग्राम भानेगांव से मोहझरी मार्ग पर लाखों रूपये से बना तोरणद्वार जो की ग्राम पंचायत की शोभा बढ़ाने के लिए बनाया गया है परंतु इसमें भी सरपंच-सचिव के द्वारा भ्रष्टाचार की गंगा बहाई गई है। जिसकी भी जाँच होना अनिवार्य है। श्रीमती रावते ने कहा की ग्राम पंचायत मोहझरी में लगातार सरपंच.सचिव द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिस पर अंकुश लगाया जाए और सभी निर्माण कार्यों की जिले से जाँच टीम गठित कर जाँच करवाई जाएं।

### पंचायत के कार्यों में दखल देता है सरपंच पति

.उपसरपंच द्वारा कहा गया की ग्राम पंचायत मोहझरी की सरपंच श्रीमति मनिषा पति संतोष नाकतोड़े जो कि पंचायत की बैठक में मौजूद तो होती है परंतु पंचायत में किए जा रहे निर्माण कार्यों में सरपंच पति संतोष नाकतोड़े पूरी तरह से दखल अंदाजी किया करते है और निर्माण कार्यों में कमीशन का जाल बिछा रखा है। सचिव लक्ष्मीकांत पटले एवं सरपंच पति संतोष नाकतोड़े दोनों मिलकर पंचायत में किए जा रहे निर्माण कार्य को ठेका में देकर कमिशन के चक्कर में निर्माण कार्य को गुणवत्ताहीन करवा रहे है। वहीं मेरे द्वारा एवं पचों के द्वारा कार्य की जानकारी एवं लेखा-जोखा पूछा जाता है तो सचिव के द्वारा कहा जाता है कि जहां शिकायत करनी है कर लो मैं अपने हिसाब से जानकारी दूंगा। यह कहते हुए हमेशा टालमटोल करता है।

## बड़ा श्रीराम मंदिर में भजन संध्या में झूमे श्रद्धालुगण

# खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली गई

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** स्थानीय बड़ा श्रीराम मंदिर में खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा का कार्यक्रम श्याम बाबा के भक्तों द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बड़ा श्रीराम मंदिर में खाटू श्याम बाबा की भव्य झॉकी बनाई गई थी। निशान यात्रा निकलने के पूर्व श्रद्धालुओं द्वारा खाटू श्याम बाबा की पूजा अर्चना की गई।



उसके बाद हाथों में केसरिया ध्वज लेकर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बड़ा श्रीराम मंदिर से निशान यात्रा प्रारंभ की। निशान यात्रा के साथ चल रहे डी जे में बज रहे धार्मिक गीतों पर महिला-पुरुष भक्ति भाव से झूम रहे थे। श्रीराम मंदिर से निकली यह शोभा यात्रा आंबेडकर चौक, नेहरु चौक, जय स्तम्भ चौक होकर वापस उसी मार्ग से बड़ा श्रीराम मंदिर पहुँची। इस दौरान पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल के कार्यालय के सामने भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा के नेतृत्व में नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष श्रीमती स्मिता जायसवाल, पार्षद श्रीमती मधु जायसवाल, पूर्व पार्षद सुनील पिपरेवार, संतोष आडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे, मिथलेश बुरडे, जगदीश नेमा सहित अन्य लोगों ने उत्साह के साथ निशान यात्रा में शामिल भक्तों का स्वागत कर उन्हें शीतल पेयजल पिलाया और सभी ने जयकारे के नारे लगाये। इस निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं द्वारा करने वाले श्याम, कराने वाले श्याम के नारे लगाए जाते रहे। इस निशान यात्रा से पूरे नगर का माहौल धर्ममय हो गया।

निशान यात्रा के बड़ा श्रीराम मंदिर पहुँचने के बाद खाटू श्याम बाबा की आरती की गई। उसके बाद रात्रि में खाटू श्याम बाबा महोत्सव के तहत नगर की प्रसिद्ध भजन गायक शर्मा दंपत्ति श्वेता व श्याम के साथ सोहन पटले ने एक से बढक़र एक भजनों से श्रोताओं व श्रद्धालुओं का मन जीत लिया। इस दौरान श्रद्धालुगण भजन व संगीत की धुन पर देर रात्रि तक नृत्य करते रहे। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा महाप्रसाद वितरण भी किया गया। जिसका पुण्य लाभ हजारों श्रद्धालुओं द्वारा उठाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक समिति करने वाले श्याम, कराने वाले श्याम के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अशासकीय विद्यालयों की शिक्षिकाओं का किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में श्री ईशानवी संस्था के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन श्री सिद्धि विनायक मंदिर परिसर में सरदार पटेल बी एड कालेज बालाघाट की प्राचार्य डॉ. बेला मेरी जोसेफ के मुख्य आतिथ्य, शोभना श्रीवास्तव असिस्टेंट प्रोफेसर, श्रीमती रूपल बिसेन असिस्टेंट प्रोफेसर, श्रीमती शिल्पी दत्ता सीईओ बालाघाट, वर्षा तिवारी शिक्षिका सी एम राइस स्कूल वारासिवनी, रीना कासल समाजसेविका आदि के सानिध्य में किया गया।

कार्यक्रम में वारासिवनी नगर व गर्रा के अशासकीय विद्यालयों में पिछले 10 वर्षो व उससे अधिक वर्षो से अध्यापन का कार्य करने वाली शिक्षिकाओं का आमंत्रित किया गया था। इन सभी शिक्षिकाओं का उपस्थित अतिथियों द्वारा शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें पेंटिंग प्रतियोगिता में शिक्षिका चंद्रशिला शक्करपुरे ने प्रथम, संगीता गोस्वामी ने द्वितीय, दुर्गा बर्वे तृतीय एवं ज्योति गौतम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम ममता गौतम, द्वितीय पूर्णिमा देशमुख, तृतीय अनीता मिश्रा एवं सांत्वना पुरस्कार मीना शिवहरे ने प्राप्त किया।

## डॉ वीरेन्द्र गहरवार बोले-प्रतिमाओं के संरक्षण की दिशा में होगी कार्रवाई

# गुजराती देव के रुप में पूजी जा रही प्राचीन योद्धाओं की प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



बालाघाट जिले की कटंगी तहसील में सिरपुर नाम का एक गांव है और इस गांव में एक चौक है जिसका नाम गुजराती चौक है और इस चौक में एक सभा मंच है जहां पर रखी है पत्थरों पर उकेरी 09 कलाकृतियां. इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ वीरेन्द्र सिंह गहरवार इन प्रतिमाओं को 12 वीं और 16 वीं शताब्दी में पत्थरों पर बनाई गई योद्धाओं की प्रतिमा बताते है. मगर, सिरपुर गांव के लोग इन प्रतिमाओं को गुजराती देव के रूप में बीते कई वर्षों से पूजते आ रहे है. सिरपुर आने वाले किसी भी व्यक्ति को यह चौक और यह प्रतिमाएं अपनी आकर्षित करती है. आकर्षण की प्रमुख वजह चौक का नाम और यह प्राचीन प्रतिमाएं है. सिरपुर के इस चौक का नाम गुजराती चौक कैसे पड़ा और प्रतिमाएं गुजराती देव की है इसको लेकर ग्रामीणों के बीच में कई किवंदती है. जैसा की गुजरात राज्य में निवास करने वाले लोगों को गुजराती कहकर संबोधित किया जाता है और सिरपुर के इस चौक की कहानी भी गुजरातियों से ही जुड़ी हुई बताई जाती है।

गांव के कुछ स्थानीय लोगों से जब चौक का नाम कैसे पड़ा और पत्थरों पर उकेरी प्रतिमाएं किन देवी-देवताओं की है. इस पर चर्चा की गई तो ग्रामीणों ने बताया कि यह गुजराती देव है. इन प्रतिमाओं के इतिहास के बारे में ग्रामीणों को कोई ठोस और खास जानकारी नहीं है वह सिर्फ इतना कहते है उनके कि पूर्वजों ने बताया था कि यह गुजराती देव है. जिसकी वह पूजा-अर्चना किया करते थे इस परम्परा को आज भी ग्रामीणों ने जीवित रखा है और अब अगली पीढ़ी भी इसी तरह से गुजराती देव का पूजन करेगी यह बात कहीं जाती है. गांव में इन प्रतिमाओं का इतना अधिक महत्व है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन पूरा गांव यहा एकत्रित होकर पूजा-अर्चना करता है. गांव में अगर किसी हिन्दु परिवार में विवाह समारोह हो तो सबसे पहले गुजराती देव प्रतिमाओं को हल्दी चढ़ाई जाती है. इसके बाद घर में इष्ट देव को हल्दी चढ़ती है और फिर घर में हल्दी और विवाह की रस्म शुरू होती है।

### 7 दिवसीय राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने लिया भाग

**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 22 वॉ राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर 02 मार्च से 08 मार्च 2025 अमरकंटक तहसील पुष्पराजगढ़ जिला अनूपपुर में आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वरिष्ठ स्वयंसेवक अतुल घोड़ेश्वर का चयन राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर हेतु चयन किया गया। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत समस्त जिले के स्वयंसेवकों की जिम्मेदारी हेतु दल प्रभारी के रूप में महाविद्यालय वारासिवनी से कृष्णा पराते कार्यक्रम अधिकारियों रासेयो का चयन किया गया। इस राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में मध्यप्रदेश राज्य के विभिन्न जिलों की प्रत्येक इकाई से लगभग 650 स्वयंसेवक शामिल हुए। शिविर निर्देशक डॉ. मनोज अग्निहोत्री राज्य एनएसएस अधिकारी, शिविर संचालक राहुल सिंह परिहार मुक्त इकाई रासेयो तथा शिविर व्यवस्था की कमान अवधेश प्रताप सिंह रीवा विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। सात दिवसीय राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर मेरा युवा भारत एवम डिजिटल साक्षरता के लिए युवा विषय पर आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिदिन प्रातः प्रभात फेरी, योग अभ्यास, परियोजना कार्य, श्रम सीकर, बौद्धिक सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य गतिविधियां शामिल कर शिविरार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में शामिल समस्त शिविरार्थियों ने मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक के प्राकृतिक एवं धार्मिक सांस्कृतिक धरोहरों का भ्रमण किया और ट्रैकिंग एवम एडवेंचर में उत्साह पूर्वक सहभागिता की। जिसमें नर्मदा नदी के उद्गम स्थल, माई की बगिया, सोनमूड़ा मंदिर, यंत्र मंदिर, सनसेट पॉइंट, जैन तीर्थ मंदिर जैसे तीर्थ स्थलों का भ्रमण किया।

## खबर संक्षेप

### ई-केवायसी के लिए विशेष अभियान 25 मार्च तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 अन्तर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक सुदृढ़ बनाने के लिये उपभोक्ताओं को ई-केवायसी कराना अनिवार्य किया है। उनहोंने बताया कि जिले 08 जनपद एवं 05 नगरपरिषद क्षेत्रों में कुल 283575 पात्र परिवारों के 1094927 सदस्यों में से 923839 की ई-केवायसी पूर्ण हो चुकी है। शेष बचे 171088 सदस्यों की ई-केवायसी के लिए 25 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान खाद्य, सहकारिता एवं राजस्व अधिकारियों द्वारा उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से पीओएस मीशन द्वारा सभी पात्र हितग्राहियों का ई-केवायसी कराया जायेगा। इस दौरान हितग्राहियों से भी अपील की गई है कि उचित मूल्य दुकान पहुंचकर पीओएस मशीन में बायोमैट्रिक सत्यापन के अधार पर ई-केवायसी कराना सुनिश्चित करें।

### व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई हायर सेकेण्डरी संस्कृत विषय की परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आयोजित हायरसेकेण्डरी परीक्षा वर्ष 2024-25 अंतर्गत दिनांक 12 मार्च 2025 को संस्कृत विषय की परीक्षा जिले के 40 परीक्षा केन्द्रों में व्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुई। जिसमें दर्ज 1494 परीक्षार्थियों में 1464 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 30 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये। नकल प्रकरण निरंक पाया गया।

### मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथाप्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में दिनांक 12.03.2025 को श्रीमती मनीषा बसेर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सिवनी द्वारा मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कुटुम्ब न्यायालय परिसर में किया गया। उक्त कार्यक्रम में मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में पक्षकारगणों को मध्यस्थता योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दि गई।

साथ ही शिविर में उपस्थित लक्ष्मण कुमार वर्मा प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी, द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता योजना, के संबंध में जानकारी दि गई। उक्त कार्यक्रम में अधिवक्तागण एवं पक्षकारगण उपस्थित रहे।

# जिले में नहीं अग्निशामक यंत्रों की व्यवस्था, जिम्मेदार मौन?

**बसंत ऋ तु के समापन के साथ ही अब ग्रीष्म ऋतु का आगमन हो चुका है। इस बदलते मौसम में खेतों में खड़ी फसलें जल अभाव के कारण समय से पहले पकने की संभावना है। इसके साथ ही, इस बार फसल उत्पादन में भारी कमी आने की भी आशंका व्यक्त की जा रही है।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पिछले वर्षों में केवलारी, कान्हीवाड़ा, पलारी समेत कई इलाकों में आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें किसानों की मेहनत से उगाई गई फसलें, अनाज, मकान और यहां तक कि मवेशी भी जलकर राख हो गए हैं। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि प्रशासन इस बार पहले से ही सतर्कता बरते और अग्निशामक यंत्रों की समुचित व्यवस्था करे ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। बिजली विभाग को सुधार कार्य करने की आवश्यकता आग लगने के पीछे कई कारण होते हैं, जिनमें एक बड़ा कारण विद्युत लाइनों की खराब स्थिति भी है। कई स्थानों पर बिजली के खंभे झुके हुए हैं, तार ढीले लटक रहे हैं और शॉर्ट सर्किट की घटनाएं होती रहती हैं, जिससे आग लगने की संभावना बनी रहती है। अतः मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल के अधिकारियों से निवेदन है कि वे इन जर्जर खंभों और तारों को तुरंत ठीक करें ताकि स्पार्किंग से होने वाली आगजनी की घटनाओं को रोका जा सके।
पुलिस थानों एवं चौकियों में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था हो प्रशासन से यह भी आग्रह किया जाता है कि पुलिस थाना केवलारी, पुलिस थाना कान्हीवाड़ा, पुलिस थाना छपारा, पुलिस थाना धनोरा, पुलिस चौकी पलारी, पुलिस चौकी भीमगढ़, पुलिस चौकी छींदा और पुलिस चौकी सुनवारा में फायर ब्रिगेड (अग्निशामक वाहन) की सुविधा तत्काल उपलब्ध कराई जाए।
पिछले वर्षों में जब आगजनी की घटनाएं हुईं, तो समय पर अग्निशमन वाहन उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। अगर प्रत्येक थाना एवं चौकी में फायर ब्रिगेड उपलब्ध रहेगी, तो आग लगने की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी और बड़े नुकसान को रोका जा सकेगा।

### किसान भाई नरवाई न जलाएं

किसान भाइयों से भी विनम्र निवेदन है कि फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई (खेत में बची पराली) जलाने से बचें। नरवाई जलाना सरकार द्वारा दंडनीय अपराध घोषित किया जा चुका है, क्योंकि इससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान होता है और कई बार आसपास के खेतों और बस्तियों में आग फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है। इसके अलावा, नरवाई जलाने से खेतों में मौजूद जरूरी पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, जिससे अगली फसल की गुणवत्ता प्रभावित होती है। अतः किसान भाइयों से अनुरोध है कि जब तक गौ-पालकों के लिए पर्याप्त भूसे की व्यवस्था ना हो जाए, तब तक नरवाई न जलाएं और इसे सही ढंग से उपयोग में लाएं।आने वाले रंगों के पर्व होली की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। होली का यह पावन अवसर सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियों के रंग लेकर आए। सुरक्षित रहें, सतर्क रहें और त्योहार को प्रेम एवं सौहार्द के साथ मनाएं।

# पीएचई एसडीओ की कर्तव्यहीनता से पेयजल का संकट गहराया

### महिलाओं ने 20 किलोमीटर का सफर तय कर सौंपा ज्ञापन



**केवलारी।** खैररांजी ग्राम पंचायत के ग्राम खापा की दो दर्जन महिलाओं ने 20 किलोमीटर का लम्बा सफर तय कर मुख्यालय पहुंचकर सतीश चौधरी तहसीलदार के द्वारा महेश अग्रवाल एसडीएम के नाम ज्ञापन सोपकर गांव मे आयी भीषण पेयजल की समस्या का निवारण करने की मांग की है।ज्ञापन मे उल्लेख किया हैकि गांव मे चार हेडंपम्प है जिसमे दो चालू है दो बंद पडे है ,नल जल योजना का जल स्त्रोत पुरी तरह कोलेब्स हो गया जिसके कारण नल जल योजना बंद है,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ बी एल हरिनखेड़े की लापरवाही पूर्ण कार्यप्रणाली से ना तो हेंडपम्प सुधर रहे है ना ही नलजल योजना चालु हो रही है।पंचायत के सरपंच ओर सचिव भी इसके लिए बराबरी के दोषी है।गांव मे कुंआ भी है लेकिन दबंग लोगों ने चार चार मोटर लगाकर कुआ का पानी खत्म कर दिया है।महिलाओं ने कहा कि भीषण गर्मी मे गांव मे पेयजल ब्यवस्था सुचारू करने आज ज्ञापन सौपा है।जरूरत पड़ी तो अंदोलन भी करेंगे।

# अमानक नंबर प्लेट लगाने वाले वाहनों से 145000 वूसला जुर्माना

### सायरन/हूटर के गलत उपयोग से नहीं, नियमों का पालन कर अपनी पहचान बनाए

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश अनुसार जिले में अमानक नम्बर प्लेट, हूटर सायरन के विरुद्ध अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरू दत्त के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस एवं अन्य थानों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।
उक्त अभियान के तहत यातायात पुलिस सिवनी द्वारा विगत सप्ताह में 150 एवं जिले के अन्य थानों द्वारा



140 वाहनों पर अमानक नंबर प्लेट लगाने हेतु कार्यवाही की गई है। इस प्रकार जिले में विगत सप्ताह अमानक नंबर प्लेट के 290 प्रकरणों में कार्रवाई कर 145000 का जुर्माना वसूल किया गया है। वहीं यातायात पुलिस सिवनी द्वारा अनाधिकृत रूप से हूटर सायरन का उपयोग करने वाले दो वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 6000 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। साथ ही थाना यातायात एवं कोतवाली पुलिस द्वारा निजी वाहनों पर लगे अनधिकृत स्टीकरों को भी निकलवाया गया।
यातायात पुलिस की सिवनी के नागरिकों से अपील है कि वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट का ही उपयोग करें। वाहनों में अनाधिकृत रूप से हूटर / सायरन का प्रयोग न करे अन्यथा उक्त स्थिति में आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। अभियान के दौरान 7587647905 पर संपर्क कर आम जन अभियान में सहभागी बन सकते है। अभियान 15 मार्च तक जारी रहेगा।

# 10 सटोरी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले में चल रहे जुआ, सटटा, अवैध शराब ब्रिकी के विरूद्व कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता शक्त है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूप्रसाद शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमति पूजा पांडे के मार्ग दर्शन में पूर्व में जुआ सट्टो पर कार्यवाही होती रही है। कोतवाली पुलिस द्वारा सट्टा रेड कार्यवाही की गई। मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि जिंदल अस्पातल के पास कर्वे कालोनी एवं दलसागर के पास में कुछ लोग अंको पर लोगो के रूपयो का दाव पेंच लगाकर सट्टा पट्टी लिख रहे है थाना स्तर पर टीम गठित घेराबंदी कर दबिश देकर रेड कार्यवाही की गई। जिसमें 08 व्यक्तियो को पकडने में सफलता प्राप्त हुई। 08 व्यक्तियो के विरूद्व अलग अलग अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही की गई। पकड़े गये आरोपी मे किशोर वैशणा पिता जागेश्वर वैशणा उम्र 37 साल निवासी पी.जी. कॉलेज भैरोगंज सिवनी, नारायण पिता हिम्मत सिंग बघेल उम्र 48 साल निवासी ललमटिया, नारायण पिता जीवन लाल उम्र 38 साल निवासी समनापुर थाना कान्हीवाडा 04 अंश लाहोरिया पिता रविन्द्र लाहोरिया उम्र 20 साल निवासी भैरोगंज सिवनी, राकेश पिता स्व. संतोष दूधवरे उम्र 25 साल निवासी अम्बेडकर वार्ड, 06 संत कुमार पिता हरचंद उइके उम्र 36 साल निवासी बिछुआ थाना छपारा, धनजय पिता स्व. प्रहलाद जंघेला उम्र 30 साल निवासी जैतपुर थाना बंडोल, जितेन्द्र पिता गोपाल चौधरी उम्र 30 साल निवासी ग्राम छुआई थाना बंडोल, राजू पिता हुकुम सिंह डहेरिया उम्र 30 साल निवासी कान्हीवाडा 10 प्रकाश सदाफल पिता कमल सदाफल उम्र 48 साल निवासी भगतसिंह वार्ड। जप्ती 4753 रूपये, सटटा पटटी एवं डॉट पेन। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, उनि अशोक बघेल, सउनि दिनेश रघुवंशी, आरक्षक अमित रघुवंशी, प्रतीक बघेल, सिद्धार्थ दुबे, मनोज हरिनखेडे, अभिषेक डेहरिया, सौरभ ठाकुर, मुकेश चौरिया, आर. चालक इरफान खान म.आर दीपाली बघेल, फरहीन खान का योगदान रहा।

# जिले के शासकीय मेडिकल कॉलेज को मिली बड़ी सौगात, बढ़ाई गई एमबीबीएस की सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्यप्रदेश विधानसभा में वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को राज्य का बजट पेश किया, जिसमें स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। खासतौर पर सिवनी जिले को एक नए शासकीय मेडिकल कॉलेज की सौगात मिली है, जिससे यहां चिकित्सा सुविधाओं में बड़े सुधार की उम्मीद है। इस मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस और स्नातकोत्तर सीटों की संख्या बढ़ाई जाएगी, जिससे स्थानीय छात्रों को उच्च चिकित्सा शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे।
सरकार ने सिवनी जिले के लिए एक नए शासकीय मेडिकल कॉलेज की घोषणा की है, जो जिले के चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इस कॉलेज में न केवल एमबीबीएस की सीटों की संख्या बढ़ेगी, बल्कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (पीजी) की सीटों में भी वृद्धि होगी।

### मेडिकल कॉलेज खुलने से होने वाले लाभ

स्थानीय छात्रों को मिलेगा फायदाः सिवनी और आसपास के जिलों के छात्रों को अब अपने ही जिले में मेडिकल की पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। इससे उन्हें बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी।




बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएंः सिवनी में चिकित्सा सुविधाएं बेहतर होंगी, जिससे गंभीर रोगों का इलाज स्थानीय स्तर पर ही संभव होगा। पहले जिन मरीजों को नागपुर, जबलपुर, भोपाल और इंदौर जाना पड़ता था, अब उन्हें जिले में ही उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं मिलेंगी। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे- मेडिकल कॉलेज खुलने से डॉक्टर, नर्स, तकनीशियन और अन्य मेडिकल स्टाफ के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे जिले की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

### मेडिकल सीटों में बढ़ोतरी के फायदे

डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि- अधिक सीटें होने से राज्य में अधिक डॉक्टर तैयार होंगे, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार-ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए अधिक प्रशिक्षित डॉक्टर उपलब्ध होंगे। मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा- यह कदम मध्यप्रदेश को चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने में मदद करेगा।

### बजट के अन्य मुख्य बिंदु

बजट में स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र के अलावा अन्य कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गई हैं कृषि क्षेत्र में सुधार- किसानों को राहत देने के लिए नई योजनाएं लागू की जाएंगी।
शिक्षा क्षेत्र में सुधार-सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में सुविधाओं को बढ़ाने के लिए बजट में विशेष प्रावधान किए गए हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास-सडक़ों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बजट में महत्वपूर्ण राशि आवंटित की गई है। मध्यप्रदेश सरकार का यह बजट स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित है। सिवनी में नया मेडिकल कॉलेज खुलना एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे स्थानीय छात्रों और मरीजों को बड़ा फायदा होगा। हालांकि, राजनीतिक दलों के बीच बजट को लेकर अलग-अलग विचार हैं, लेकिन कुल मिलाकर यह बजट प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## धूमा पुलिस ने की कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का उल्लघंन करने वालो पर कार्यवाही

सभी थाना प्रभारीयों को आदेशित किया गया था। आदेश के पालन में थाना स्तर पर मखचितंत्र सक्रिय किया गया। इसी दौरान पुलिस अधीक्षक मिवनी श्री मनील मेहता द्वारा कोलाहल अधिनियम के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु जिले के घमा क्षेत्र में टंकी मोहल्ला धमा में रात्री 11.00 बजे डीजे सूचना पर श्रीमान पलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार श्रीमान अति पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री जी डी शर्मा के निर्देशन में तथा श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पत्तिस लखनादौन श्री अपर्व भलावी के मार्गदर्शन में बिना देर किये मौका की कार्यवाही हमस्टाफ आर54 चन्द्रभान डायल 100 पायलट अरुण यादव के रही मोहल्ला धूमा तरफ रवाना हुआ जो मौके पर जाकर सूचना तस्दीक किया जो की मोहल्ला धूमा में चमक कमर के घर के सामने तेज आवाज मेडी जे साउंड बज रहा था जिसकी आवाज दरदर तकनीकी पारवाहन मानवंशकार एवं विकाशकार के साथ उस स्थान बजे से में डी जे बजाकर शोर शराबा किया जा रहा था डी.जे. संचालक का नाम पना पुछा जिसने अपना नाम राहुल नामदेव पिता रामसहाय नामदेव उम्र 23 वर्ष निवासी पुराना थाना मोहल्ला धूमा का होना बताया जिससे तेज आवाज में डी.जे. बजाने के सम्बंध में अनुमति मांगी गई जिसने कोई अनुमति नहीं होना बताया। डी. जे. संचालक राहुल द्वारा प्रतिबंधित समय अवधि में तेज आवाज में डी. जे. बजाते हुआ पाया गया जी आरोपी का कृत्य अपराध धारा 7/15 कोलाहल नियंत्रण अधि. के अन्तर्गत दण्डनीय पाये जाने से समक्ष गवाह आरोपी राहुल के कब्जे से एक काले रंग का डी. जे. स्पीकर का बाड़ा बाक्स जम कर कब्जा पुलिस में लिया गया। आरोपी का कृत्य 07 वर्ष से कम सजा का प्रावधान होने से आरोपी को 35(3) बीएनएसएस का नोटिस तामिल कर गिरफ्तार न करने का सूचना पत्र न्यायालय को प्रेषित किया गया। आरोपी को मौके से रुकसत किया गया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 7/15 कोलाहल नियंत्रण अधि. के अन्तर्गत दण्डनीय पाये जाने से प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। अप.क्र.- 85/25 धारा धारा 7/15 कोलाहल नियंत्रण अधि. नाम आरोपी राहूल नामदेव पिता रामसहाय नामदेव उम्र 23 वर्ष निवासी पुराना थाना मोहल्ला धूमा जप्ती- 1. एक काले रंग का डी. जे. स्पीकर का बड़ा बाक्स। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरी शत्रुघन पटले, सउनि सौरभ शर्मा, आर. 54 चन्द्रभान व डायल 100 पायलेट अरुण यादव, सै. शीलचंद का सराहनी योगदान रहा।



### 469 जोड़ों ने थमा एक-दूसरे का हाथ

घंसौर विकासखंड के खेल मैदान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह कराया गया। इसमें 469 जोड़ों ने विभिन्न धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह किया। जनपद पंचायत मैदान से दूल्हों की बारात निकाली गई। खेल मैदान तक का रास्ता आतिशबाजी और गाजे-बाजे की धुन से गूंज उठा। कार्यक्रम में हिंदू, आदिवासी और मुस्लिम रीति-रिवाजों से विवाह हुए। विकासखंड की 77 ग्राम पंचायतों से आए नवदंपतियों को अतिथियों ने चावल और पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया। प्रत्येक जोड़े को सरकार की ओर से 49 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। घंसौर एसडीएम और जनपद पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी बिसन सिंह गोंड ने कार्यक्रम की जानकारी दी। पूर्व विधायक देवी सिंह सैय्यम ने इस योजना को सरकार की महत्वपूर्ण पहल बताया।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय केवलारी में विशेष कार्यक्रम आयोजित

**केवलारी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालयए केवलारी में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन ठैं और डैं के छात्र.छात्राओं द्वारा ब्लॉक समन्वयक श्री अशोक बेन्द्रे के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती धनेश्वरी सोनवाने रहींए जबकि अध्यक्षता सुश्री कलावती ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुश्री नेहा प्रजापति और श्रीमती सावित्री अहिरवार उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शांति मेहरा ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुईए जिसे श्रीमती संध्या रजक ने प्रस्तुत किया। श्रद्धा केवट और मधु भावरे ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर छात्र.छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमए कविताएँ और विचार.विमर्श किया।
मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने महिला शिक्षाए अधिकारए



स्वावलंबन और नेतृत्व क्षमता पर अपने विचार साझा किए।
कार्यक्रम के अंत में अतिथियों और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। साथ हीए महिला सशक्तिकरण और अधिकारों को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ पुस्तकों का वितरण एवं पूर्व छात्रों को मार्कशीट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मेंटर्स श्री राधेश्याम बंदेवारए श्री मोतीराम हरदुआए श्री रामकृष्ण डेहरियाए सुश्री कलावती ठाकुर और श्री बालकराम डेहरिया का विशेष योगदान रहा।

### होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**केवलारी।** दिनांक 13 मार्च 2025 होलिका दहन 14 एवं 15 रंगोत्सव एवं रमजान माह को शांति ओर आपसी भाईचारे से मनाये जाने को लेकर 11 मार्च संध्याकाल मे पुलिस थाना परिसर मे सतीश चौधरी तहसीलदार ,ब्रजेश सिंह उइके टीआई, शिव चौधरी उपाध्यक्ष नगर परिषद की उपस्थिति मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी।जिसमे होलिका उत्सव ओर रोजा नमाज ओर अन्य बिषयो पर चर्चा हुयी।इस मौके पर देवीसिंह बघेल, सचिन अवधिया, अरूण चौरासिया, कमल सिंह ठाकुर, नीरज रानू ठाकुर, बाबा भाई बेटरी बाले ,रफीक सरकार,राजकुमार बघेल, बबलू ठाकुर, नितिन बघेल, भोलाराम नागोत्रा,श्रीचंद्र नागोत्रा सहित स्थानीय पत्रकार गण उपस्थित थे।

# अभिषेक कालोनी में होली महोत्सव सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जन समस्या निवारण संस्थान सिवनी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीद वार्ड अभिषेक कॉलोनी सिवनी में बड़े धूमधाम से होली महोत्सव व महिला जागृति कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ट समाज सेवी श्रीमान महेंद्र पंड्या जी के मुख्य आतिथ्य एवं ब्रह्माकुमारी आस्था दीदी व ब्रह्माकुमारी कविता दीदी की विशिष्ट आतिथ्य में बड़े धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम उपस्थित सदस्यों ने परम परमात्मा का स्मरण किया इसके उपरांत श्रीमती कंचन सोनी द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। व श्रीमती देवश्री गढ़वाल द्वारा ब्रमकुमारी दीदियों को रंगीन दुपट्टा से सम्मान किया गया। आगे शरीर को निरोगी रखने के लिए ब्रह्माकुमारी कविता दीदी द्वारा योग प्राणायाम कराया गया।सभी सदस्यों ने योग प्राणायाम प्रतिदिन करेंगे। आगे ब्रह्माकुमारी आस्था दीदी द्वारा होली पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित सदस्यों ने अपने मन से बुराइयों का त्याग करने का संकल्प लिया एवं अपनी अपनी अंतर्मन की बुराइयों की होली जलाई।
संस्थान की अध्यक्ष ने उपस्थित सभी सदस्यों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अधिक से अधिक महिलाएं योग करें



निरोगी रहे व आत्मनिर्भर बनने हेतु संस्थान द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण ग्रहण कर अपने परिवार की स्थिति को सुद्रण बनाएं। श्रीमती त्रिवेणी राय ने शानदार होली गीत से सभी के मन को मुग्ध किया।
सभी ने एक दूसरे को तिलक वंदन कर फूल बरसाकर व रंग बिरंगी गुलाल से तिलक लगाकर होली के गीतों में नृत्य किया।
आगे भी स्वस्थ रहने के लिए योग करने व छोटे-छोटे पर्वो को मनाए जाने हेतु संकल्पित हुए आज के होली महोत्सव में चार चांद लगाने वाली संस्थान परिवार की सक्रिय पदाधिकारियों व कालोनी निवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही जिसमे मुख्य रूप से संस्थान की महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती पार्वती डहेरिया समाजसेवी श्री रमेश नेमा श्री नीकेलाल भरतद्वाज श्रीमती अरूणा यादव श्रीमती त्रिवेणी राय श्रीमती लक्ष्मी सूर्यवंशी श्रीमती देव श्री गढ़वाल श्रीमती कंचन सोनी श्रीमती कंचन भलावी श्रीमती रजनी पंड्या श्रीमती मीना डहेरिया श्रीमती विनीता डहेरिया श्रीमती पुष्पा चौरसिया श्रीमती शशि नेमा श्रीमती लक्ष्मी मशराम श्रीमती मुन्नी चंदेल श्रीमती प्रगति शर्मा श्रीमती बेबी डहेरिया श्रीमती आरती ठाकुर श्रीमती सविता चौरसिया श्रीमती साधना सोनी श्रीमती आशा डहेरिया तृप्ति सिंग ज्योत्स्ना सोनी आराधना यादव आरती सूर्यवंशी कमला जी रामप्यारी यादव रामदुलारी सूर्यवंशी श्रीमती चंदा कुशवाहा श्रीमती पद्मा भारतद्वज आदि अधिक संख्या में महिलाओं की उपस्थिति से आयोजन सम्पन्न हुआ।अंत मे सदस्य श्रीमती रजनी पंड्या ने होली की शुभकामनाएं प्रस्तुत कर सभी का आभार व्यक्त किया।

मात्र 999/sq.Ft में प्लाट उपलब्ध
गौतम बुद्ध बिहार सिटी
सर्व सुविधा युक्त कॉलोनी रेरा अप्रूव्ड टी एन सी पी विकास अनुमति डायवर्टेड कॉलोनी
बरघाट बाईपास से कटंगी बाईपास, न्यू डूडा सिवनी थाना के पास ग्राम छिड़िया पलारी सिवनी संपर्क 9589249192, 8871779192

## शहर में 50 जगह जली होली : होलिका पर महिलाएं
# सूत लपेटकर मांगती हैं समृद्धि का आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में गुरुवार से पांच दिवसीय रंगोत्सव की शुरुआत होगी। मुख्यालय सहित पूरे जिले में होली का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्यालय में करीब 50 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन हुआ।

मारवाड़ी अग्रवाल समाज की विनिता प्रमोद अग्रवाल के अनुसार, महिलाएं सबसे पहले होलिका का पूजन करती हैं। इसके बाद कच्चा सूत होलिका पर लपेटती हैं। वे परिवार में धन-धान्य की कामना करती हैं। साथ ही गेहूं की पहली बाली भी होलिका को अर्पित करती हैं। इस अवसर पर पूरा परिवार और समाज एकजुट होकर त्योहार मनाता है।



मुख्यालय में होलिका दहन के प्रमुख स्थानों में मोती नगर, प्रेमनगर, आजाद चौक, हनुमान चौक, राजघाट चौक, महावीर चौक और सुभाष चौक शामिल हैं। इसके अलावा बैहर रोड, भटेरा चौकी, बूढ़ी, सिविल लाइन, इंदिरा नगर, सर्किट हाउस रोड और दीनदयाल पुरम कॉलोनी में भी देर रात शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया।

# बीमा कंपनी को 14 लाख मुआवजा देने का आदेश

### पत्नी की शिकायत पर उपभोक्ता फोरम में सुनाया फैसला; पति की बाइक दुर्घटना में मौत हुई थी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिला उपभोक्ता फोरम ने अपने एक फैसले में बीमा कंपनी को 14 लाख रुपए का मुआवजा देना आदेश दिया है। पत्नी ने बाइक में खराबी के चलते पति की दुर्घटना में मौत होने के बाद वर्ष 2024 में उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करवाई थी। आयोग ने गो-डिजीट जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बैंगलोर को नोटिस जारी किया है। जिसके बाद कंपनी ने आयोग में 14 लाख रुपए जमा किए हैं। दरअसल, रंजू बारेकर निवासी किरनापुर के पति लुकेश बारेकर अपनी बाइक (एमएच 49 बीवाय 9921) के तुमसर-भंडारा रोड पर यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान आलवगांव के पास बाइक में तकनीकी खराबी आ गई थी। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में लुकेश के सिर में गंभीर चोट आने से मौत हो गई।



घटना 2024 की है। पत्नी ने हादसे में पति की मौत की शिकायत आलवगांव थाने में दर्ज कराई, लेकिन बीमा कंपनी में मुआवजा देने से मना कर दिया था। बाद में रंजू बारेकर ने उपभोक्ता आयोग में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने अपनी शिकायत के साथ सभी जरूरी दस्तावेज जैसे शपथ-पत्र, पुलिस रिपोर्ट, दुर्घटना बीमा पॉलिसी, वाहन रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस जमा किए। जिला उपभोक्ता आयोग ने गो-डिजीट जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बैंगलोर को नोटिस जारी किया। कंपनी ने आयोग में 14 लाख रुपए जमा किए। आयोग के अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय, न्यायिक सदस्य डॉ. महेश कुमार चांडक और सदस्य हर्षा बिजेवार की बेंच ने रंजू बारेकर को यह राशि का चेक सौंपा।

# आज दोपहर 2 बजे होगी नमाज:अंजुमन कमेटी का फैसला

### होली के दिन जुम्मे की नमाज का समय बदला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में होली और रमजान के एक साथ आने के कारण जुम्मे की नमाज का समय बदल दिया गया है। अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने घोषणा की है कि कल शुक्रवार को जुम्मे की नमाज दोपहर 2 बजे होगी।

13 फरवरी से शुरू हुए पांच दिवसीय होली पर्व में कल धुलेंडी मनाई जाएगी। इसी दिन रमजान का जुम्मा भी है। नमाज के लिए जाने वाले मुस्लिम भाइयों के साथ रंग खेलने जैसी किसी घटना से बचने के लिए यह फैसला लिया गया है।

### शांति समिति की बैठक में आया था प्रस्ताव

अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर हाजी मो. फारूख शेख ने बताया कि शांति समिति की बैठक में यह प्रस्ताव आया था। मस्जिदों के इमाम और सदर हजरात से विचार-विमर्श के बाद यह फैसला लिया गया। कल दोपहर 1:30 बजे अजान होगी और 2 बजे नमाज अदा की जाएगी।

फारूख शेख ने सभी रोजदारों और मुस्लिम धर्मावलंबियों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र की मस्जिदों में ही नमाज अदा करें। उन्होंने कहा कि हिंदू भाइयों को भाईचारे के साथ होली मनाने दें।

### दोपहर 2 बजे नमाज का समय तय हुआ

पहले रमजान में जुम्मे की नमाज का समय अलग-अलग मस्जिदों में भिन्न था। कहीं सवा बजे तो कहीं डेढ़ बजे नमाज होती थी। लेकिन होली के कारण इस बार सभी मस्जिदों में एक साथ दोपहर 2 बजे नमाज का समय तय किया गया है।

# युवक की हत्या के दोषियों को उम्रकैद की सजा

### 10 अक्टूबर को मिला था सुभाष लाडिया का शव, सिर और गुप्तांग पर आई थी गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट न्यायालय ने एक युवक की हत्या के मामले में दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश के.एस. बारिया की अदालत ने लालबर्रा के ददिया पोटियापाट निवासी 31 वर्षीय दीपक उर्फ गोलू नारबोड़े और कंडराटोला निवासी 45 वर्षीय रिकेश उर्फ गुड्डू पडवार को दोषी करार दिया। दौनों आरोपियों पर धारा 302 और 34 के तहत आजीवन कारावास के साथ एक-एक हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। साथ ही धारा 201 के तहत एक वर्ष का कठोर कारावास और पांच-पांच सौ रुपए का अर्थदंड भी निर्धारित किया गया है। एक नाबालिग आरोपी का मामला किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है। विशेष लोक अभियोजक कपिल कुमार डहेरिया के अनुसार,



मृतक के चाचा रूपलाल ने 10 अक्टूबर 2019 को लालबर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 7 अक्टूबर को मृतक सुभाष लाडिया अपने दो साथियों के साथ जबलपुर से लालबर्रा आया था। रास्ते में अमोली में दीपक नारबोड़े और एक नाबालिग से उसकी मुलाकात हुई। इसके बाद सुभाष लाडिया लापता हो गया।

10 अक्टूबर को ददिया की छोटी नहर पुलिया के पास 24 वर्षीय सुभाष लाडिया का शव नग्न अवस्था में मिला। मृतक के सिर और गुप्तांग पर गंभीर चोट के निशान थे और गले में सुतली की रस्सी बंधी हुई थी। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने सुभाष की हत्या कर शव को नहर के पास फेंक दिया था।

लालबर्रा थाने में दर्ज रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले की संपूर्ण विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में विचारण के बाद, कोर्ट ने अभियोजन की दलीलों और प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों को पर्याप्त मानते हुए दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया और उन्हें कठोर कारावास की सजा सुनाई।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया गया आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक

**बालाघाट।** बुधवार को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आपदा प्रबंधन के लिए जागरूकता का संदेश दिया गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बालाघाट के नेतृत्व में तहसील स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय एवं ग्रामीण स्तर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकार आपदा प्रबंधन के तरीके बता रहे हैं।।जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडेरी, शासकीय महाविद्यालय लामता, परसवाड़ा , बैहर , किरनापुर सहित अन्य महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई। जिसमे बाड़ आपदा , आकाशीय बिजली से बचने के उपाय एवं बाड़ से बचने और सर्फ दंश से बचने तथा आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के बारे में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित जन समुदाय को समझाया गया ।

# भालवा नाले में अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकराई बाइक



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी से बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम खजरी के पास स्थित भालवा नाले की रैलिंग से एक बाइक टकरा गई. इस दुर्घटना में एक युवक घायल हुआ है जिसे ग्राम पंचायत खजरी के सरपंच और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उपचार के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया गया है. सड़क हादसा गुरूवार की शाम करीब साढ़े 05 बजे के आस-पास हुआ है. सरपंच सुरेन्द्र राहंगडाले ने बताया कि भालवा नाले पर एक बाइक रेलिंग से टकरा गई. जिससे बाइक सवार घायल होकर बेहोश हो गया. जिसे बेहोशी की हालत में ही अस्पताल पहुंचाया गया. उन्होंने बताया कि घायल युवक की पहचान ग्राम तिघरा थाना अरी जिला सिवनी निवासी कबीर राहंगडाले के रूप में हुई है. सरपंच ने बताया कि हादसे के बाद डॉयल 100 और संजीवनी 108 को कॉल किया गया लेकिन दोनों ही आपातकालीन वाहन मौके पर नहीं पहुंचे. जिस कारण घायल को भूपेन्द्र तुरकर और शिवम तुरकर की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया. बता दें कि घायल युवक को ऊपरी तौर पर तो कोई चोट नहीं दिखाई दे रही लेकिन उसे बेहोशी के हालत में अस्पताल लाया गया है. घायल युवक के परिजनों को सूचना पहुंचाई गई।

# कलेक्टर ने जिला स्तरीय विभागों की समीक्षा बैठक में जानी कार्य प्रगति



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने गुरुवार को ग्लोबल समिट के बाद पहली बार एमएसएमई और एमपीआईडीसी अंतर्गत संचालित योजनाओं व नीति अनुरूप कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि दोनों विभागों के अधीन क्लस्टर विकास में प्रगति के साथ ही, आगे की ओर अप्रोच रखें। ग्लोबल समिट के दौरान बालाघाट में विभिन्न क्षेत्रों में इन्वेस्टर निवेश करने को तैयार है। चिन्हित क्लस्टर में शेष विकास कार्यो को तेजी से पूरा करने पर जोर देने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने कहा कि क्लस्टर बनाना ही शासन का लक्ष्य नहीं है बल्कि निर्माण कार्य पूरे होने के बाद उद्योग क्रियान्वित करने योग्य सभी बढ़ाये दूर कर उद्योग स्थापित करना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने एमएसएमई एवं एमपीआईडीसी के अधीन क्लस्टर के विकास कार्य के संबंध में समीक्षा बैठक करते हुए निर्देशित किया कि क्लस्टर तैयार कर उसकी प्रगतिशीलता पर ध्यान देंगे तब जाकर योजनाओ की प्रगति पर सही मायने पर रिजल्ट प्राप्त हो पायेगा। इस दौरान उन्होंने लघु उद्योग निगम से औद्योगिक लाख क्लस्टर एकोड़ी एवं औद्योगिक क्षेत्र कनकी के विकास कार्य एवं अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। साथ ही तत्काल कार्य पूर्ण करने के साथ हस्तांतरण की कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। बैठक में एमपीआईडीसी के प्रबंधक श्री भावेश अग्रवाल ने बताया कि फरवरी 24 व 25 को हुई ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में बालाघाट में 63 इन्वेस्टर्स ने 4677.93 करोड़ का निवेश करने को तैयार है। ओझ निवेश के साथ ही 5 हजार से अधिक रोजगार सृजित होंगे। एमपीआईडीसी श्री अग्रवाल ने जीआईएस 2025 में किए गए इंटेंशन टू इन्वेस्ट के सम्बंध में अन्य जानकारियॉं दी गई। इस दौरान उन्होंने नए जिले की औद्योगिक संभावनाओ पर भी चर्चा की गई। बैठक में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बालाघाट श्रीमती प्रीती मर्सकोले, एमपीआईडीसी के प्रबंधक श्री भावेश अग्रवाल, एसडीओ लघु उद्योग निगम श्री एसआर धाकड़ उपस्थित रहे।

## 500 पुलिसकर्मी सुरक्षा में तैनात; हुड़दंगियों पर होगी सख्त कार्रवाई
# होली-रमजान को लेकर फ्लैग मार्च

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में होली त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की है। एसपी नगेन्द्रसिंह के निर्देश पर जिले में 1500 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

एसपी ने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों, चौक और चौराहों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि होली पर्व के दौरान आम लोगों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। शांति भंग करने या यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**इन जगहों पर तैनात रहेगा पुलिस बलः** बालाघाट के काली पुतली चौक, आंबेडकर चौक, हनुमान चौक, मोती तालाब चौक, दुर्गावती चौक, महावीर चौक, मस्जिद चौक, बैहर चौकी, बूढ़ी चौक, बस स्टैंड, झांसी रानी चौक, आजाद चौक, नया सराफा, रानी दुर्गावती चौक, सेन चौक, गायखुरी और शहर के अन्य स्थानो पर पुलिस बल तैनात रहेगा।





बुधवार की शाम को पुलिस कप्तान ने कंट्रोल रूम में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान कोतवाली, भरवेली और ग्रामीण थाने के पुलिसकर्मियों के साथ 36वीं बटालियन के जवान भी मौजूद थे। समीक्षा बैठक के बाद पुलिस बल ने शहर में मार्च किया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर, सीएसपी वैशालीसिंह कराहलिया, कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले समेत भरवेली और ग्रामीण थाना प्रभारी उपस्थित रहे। तीनों थानों और कनकी बटालियन के 150 से अधिक जवानों ने मार्च में हिस्सा लिया।

# किसानों से भेंट में राजस्व अधिकारी बता रहे फॉर्मर रजिस्ट्री के लाभ

## कहां कैसे और कब तक करा सकते हैं पंजीयन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा राजस्व अधिकारियों को फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देशों पर राजस्व अधिकारी गांवो में पहुँच कर किसानों से भेंट कर रहे है। इस भेंट में अधिकारियों द्वारा किसानों को फॉर्मर रजिस्ट्री के फायदे और नुकसानों के सम्बंध में आगाह भी कर रहें है। गुरुवार को वारासिवनी एसडीएम श्री आरआर पांडे ने खैरलांजी तहसील के किनी, खैरलांजी और चिचोली पंचायतों में किसानों से मिले। तहसीलदार छवि पंत ने बताया कि चिचोला में पटवारी द्वारा चाय पान की दुकान पर ही बैठकर किसानों के पंजीयन, खसरा लिंकिंग और मृतकों के नाम हटाने के कार्य किया जा रहा था। पटवारी श्री खुशीलाल मोहरे द्वारा किये जा रहें कार्य की प्रशंसा की गई। उनके द्वारा पीएम किसान के 423 किसानों में से 390 किसानों ला पंजीयन कराया गया है। खैरलांजी तहसील में गुरुवार को 84 गांवो में शिविर लगाए गए है।

एसडीएम ने कहा पंजीयन से किसान अपडेट होंगे किसी भी समय दस्तावेज उपलब्ध करा सकेंगे। एसडीएम श्री पांडे ने चिचोली में किसानों से कहा कि अब भूमि का डेटा डिजिटल रूप ले रहा है। इसलिए किसानों के सम्बंधित जानकारियां भी डिजिटल फार्मेट में तैयार की जा रही है। इसका लाभ योजनाओं से तो होगा है। इसके अलावा भूमि से सम्बंधित डेटा डिजिटल रूप में होने से जब जरूरत होगी, तब किसान तत्काल उपयोग कर सकेंगे। किसान पंजीयन पटवारी से तथा सीएससी से भी करवा सकते है।

## कम कैरेट के सोने-चांदी के आभूषण को 100 प्रतिशत शुद्ध बताकर लोगों से की जा रही लूट
# खरीदी बिक्री में भी जीएसटी की चोरी, जानकारी के अभाव में लुट रहे खरीदार

हरिभूमि न्यूज लांजी।

अगर आप धर्मनगरी लांजी में सोने चांदी के आभूषण खरीदने की तैयारी में है तो हो जाएं सावधान....सोने चांदी के आभूषण खरीदने से पहले विश्वसनीय एवं प्रतिष्ठित दुकानदार से ही आभूषण खरीदें। चूंकि लांजी में इन दिनों सोने चांदी के आभूषण में जमकर हेराफेरी की जा रही है और भोले भाले ग्राहकों को चूना लगाकर अपनी जेब भरने का काम किया जा रहा है। ताजा मामला लांजी नगर के सराफा मार्केट स्थित लालानी ज्वेलर्स का सामने आया है जो लांजी नगर में पिछले 5 दशकों से संचालित हो रही है परंतु समय के साथ इस ज्वेलर्स के संचालक भी बदल गए। वहीं विश्वास के तौर पर पुराने संचालक ने अपनी व्यस्तता के चलते गोंदिया महाराष्ट्र के निवासी संतोष सोनी को अपनी दुकान की बागडोर सौंप दी। जिसका फायदा उठाते हुए वर्तमान संचालक संतोष सोनी द्वारा ज्यादा रूपयों के लालच में आभूषणों की खरीदी बिक्री में धांधली करना शुरू कर दिया है जिसका सीधा असर लोगों के विश्वास और मूल संचालक की विश्वसनीयता पर पड़ता दिख रहा है। विगत कुछ माह पूर्व लालानी ज्वेलर्स से लांजी निवासी एक ग्राहक ने सोने चांदी के आभूषणों की खरीदी जिसमें लालानी ज्वेलर्स के संचालक संतोष सोनी द्वारा हेराफेरी करते हुए ग्राहक को कच्चा बिल थमाते हुए जीएसटी की चोरी के साथ-साथ 100 प्रतिशत शुद्ध सोने की कीमत भी ग्राहक से वसूल ली। इस संबंध में जब ग्राहकों अपने साथ ठगी का पता चला तो उसने बिना देर किये जिला मुख्यालय जाकर सोने की शुद्धता की जांच कराई और जांच रिपोर्ट लेकर लांजी थाने में शिकायत की। जिसके बाद पुलिस द्वारा उक्त मामला जीएसटी विभाग बालाघाट को सौंप दिया गया। वहीं अब पुलिस का कहना है की इस मामले में जीएसटी की रिपोर्ट आने के बाद लालानी ज्वेलर्स के संचालक के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी ताकि भविष्य में सोने चांदी के आभूषण खरीदने वाले लोगो के साथ ऐसा न हो सके।




### साहूकारी की आड़ में ज्यादा ब्याज की वसूली

लालानी ज्वेलर्स का संचालक संतोष सोनी आभूषणों की खरीदी बिक्री के साथ-साथ गिरवी का काम भी करता है। वहीं इसके द्वारा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को ब्याज पर भी राशि दी जाती है परंतु उक्त राशि का ब्याज इतना अधिक वसूला जाता है की कर्जदार ब्याज भरते भरते थक जाता है परंतु मूलधन चुकाने का साहस नहीं जुटा पाता। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार संतोष सोनी द्वारा कुछ लोगों से ब्लैंक चैक लेकर भी उन्हें रूपये ज्यादा ब्याज पर उधार दिये जाते है और उनके दिये चैक में अपनी मन मुताबिक राशि भरकर वसूली की जा रही है जो गंभीर जांच का विषय है।

# मुंह पर कपड़ा ढंककर पत्र चस्पा करने वाले शासकीय सेवक को किया निलंबित

**बालाघाट।** कलेक्टर परिसर में 8 मार्च को एक अज्ञात व्यक्ति ने मुंह पर कपड़ा ढंककर विभिन्न कार्यालयों की दीवार पर बिना हस्ताक्षर जा गुमनाम शिकायत पत्र चस्पा किये गए थे। इस बात की सूचना मिलते ही छानबीन प्रारम्भ की गई। परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरे से इस बात की पुष्टि हो सकीं की इस घटना को किसके द्वारा अंजाम दिया गया। रिकार्डिंग के आधार पर पाया गया कि यह कृत्य महिला बाल विकास विभाग में लांजी परियोजना में सहायक ग्रेड-3 श्री खिलेश डहाटे द्वारा करना पाया गया। घटना 08 मार्च 25 को रात्रि 8.00 बजे से 8.27 बजे के बीच की है। 9 मार्च 2025 को पुलिस थाना कोतवाली बालाघाट में श्री खिलेश डहाटे सहायक ग्रेड-3 के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गई। थाना कोतवाली बालाघाट द्वारा मप्र सम्पत्ति विरूपण अधिनियम 1994 की धारा 3 के अंतर्गत अपचारी कर्मचारी श्री खिलेश डहाटे, सहायक ग्रेड-3 के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया है।

शासकीय सेवक होते हुए भी श्री डाहाते द्वारा इस प्रकार का आचरण किया जाना अत्यंत खेदजनक है। साथ ही इनके विरूद्ध थाना कोतवाली बालाघाट में सम्पत्ति विरूपण अधिनियम 1994 की धारा 3 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर मामला अन्वेषण में लिया गया है। अपचारी कर्मचारी के उपरोक्त कृत्य मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के (1) (क) (ख) एवं (ग) तथा संपत्ति विरूपण अधिनियम 1994 के प्रावधानों के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आने के फलस्वरूप इन्हें मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के उपनियम 9 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास बैहर जिला बालाघाट नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री खिलेश डहाटे, सहायक ग्रेड-3 को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# कन्या महाविद्यालय में पर्यावरण नियोजन एवं पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित

**बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में पर्यावरण नियोजन एवं पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के समन्वय संगठन एप्को द्वारा प्रायोजित महाविद्यालय के ईको क्लब द्वारा ईईपी पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में दो दिवसीय प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे करीब 50 छात्राओं ने भाग लिया एवं उनके द्वारा वेस्ट मटेरियल का उपयोग करके विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाकर उनका प्रदर्शन किया गया। छात्राओं के द्वारा पेपर काप्ट, प्लांट डेकोरेटिव, पिस्ता डेकोरेटिव, हर्बल कलर, हर्बल साबुन, पेपर बैग, ग्लास पेटिंग एवं मंडला आर्ट के द्वारा विभिन्न प्रकार के डेकोरेटिव सामान में प्रतियोगिता कर निर्णायक मंडल द्वारा निर्णय दिया गया। साथ हि महाविद्यालय स्टॉफ एवं बाह्य निरिक्षण दल द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुये छात्राओं द्वारा बनाये गये विभिन्न प्रकार के जीरो वेस्ट उत्पादों को खूब सराहा गया तथा पुरुस्कार एवं सर्टिफिकेट वितरित किये गये। कार्यक्रम में ईको क्लब प्रभारी डॉ. सीमा वासनिक के द्वारा संपूर्ण कार्यकम ईका उत्सव की रूपरेखा छात्राओं को बताई गई एवं अंत में सचिव डॉ. राहुल सूर्यवंशी उपस्थित रहे।